राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

राज्यपाल ने अन्नपूर्णा नगरी को विकास की गति प्रदान करने के लिए जिले के अधिकारियों को किया निर्देशित

जयपुर/बारां, 18 जून। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज बारां जिले के दौरे के दौरान मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले को 'अन्नपूर्णा नगरी' के रूप में विकसित करने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल देते हुए अधिकारियों को योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने कहा कि बारां जिला पर्यटन और सांस्कृतिक विविधता के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना और अन्य विकास योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को कहा की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि इनका लाभ प्रत्यक्ष रूप से जनता को मिलना चाहिए। महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और कृषि विभाग को ग्रीन हाउस व आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना और टीबी उन्मूलन जैसे स्वास्थ्य अभियानों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला कलक्टर को टीबी मुक्त केंद्र की स्थापना करने को कहा।

राज्यपाल ने वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की जानकारी लेते हुए जल संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में बेहतर भवन, खेल मैदान और बौद्धिक विकास के लिए संसाधन जुटाने की आवश्यकता बताई। सार्वजनिक निर्माण विभाग को सभी गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने के निर्देश भी दिए।

बैठक में सांसद दुष्यंत सिंह ने भी जिले के समुचित विकास के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने को कहा। विधायक किशनगंज ललित मीणा, विधायक बारां-अटरू राधेश्याम बैरवा तथा जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

राज्यपाल ने राजीविका समूह की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया और उनके उत्पादों की सराहना की।

परियोजना की विशेषताएं
ग्रामीण क्षेत्र की निर्धन महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों का गठन।
नमो ड्रोन दीदी

HON'BLE

HON'BLE

Resource Recovery Centre (RRC)

HON'BLE
GOVERNOR OF RAJASTHAN

पंच गौरव
पंच गौरव

जिला कलेक्ट्रेट

जिला कलेक्ट्रेट सभागार